हरिभूमि

# कोरिया भूमि

तापमान

अधिकतम 23 डिग्री

न्यूनतम 9 डिग्री

बिलासपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 जिले के अधिकांश विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन वितरण में बरती जा रही लापरवाही




### खबर संक्षेप

### हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए विधायक भईयालाल



**बैकुण्ठपुर।** काफी दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े बीते दिवस रायपुर में हॉस्पिटल से डिर्स्चाज कर दिए गए हैं। विधायक श्री राजवाड़े ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जिंदगी की इस मुश्किल घड़ी में जब मैं घर से दूर हॉस्पिटल के कमरे में अकेलापन महसूस कर रहा था, तभी मेरे विधानसभा के शुभ चिंतक देखने आए, दवाइयों से ज्यादा सभी का साथ काम कर गया। 38 दिनों के उपचार के बाद हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो कर रायपुर स्थित धर्मपुरा निवास में 10 दिनों तक रायपुर में रहकर फिजियोथैरेपी का इलाज कराऊंगा। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राजकुमार बरनवाल, सुनील बलानी और डॉ.सचिन का आभार जताया, जिनकी देखरेख में उनका नियमित उपचार किया गया।

### वेदांती महाराज ने सुदामा चरित्र पर डाला प्रकाश

**अनूपपुर।** श्रीराम वल्लभाकुंज जानकी घाट अयोध्या के पीठाधीश्वर, प्रतिष्ठित संत श्रीरामदास वेदांती महाराज ने वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार शुक्ला बंधुओ के निज निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के अंतिम दिन सुदामा चरित्र पर गहरा प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुदामा जी केवल गरीबी में नहीं, बल्कि विनम्रता और अटूट भक्ति में भी हमारे आदर्श हैं। उनका छोटा चावल का उपहार, भगवान श्रीकृष्ण को अनमोल लगा, क्योंकि उसमें निष्कलंक प्रेम ही था। महाराज ने बताया कि सुदामा की पत्नी के बार-बार आग्रह पर ही वह द्वारका पहुंचे और जब द्वारपालों ने उनका परिचय दिया तो भगवान श्रीकृष्ण नंगे पैर दौड़ते हुए आए और अपने सखा को गले लगा लिया। इस मिलन ने श्रोताओं को यह सिखाया कि सच्ची मित्रता धन-संपत्ति से नहीं, बल्कि हृदय की शुद्धता से बनती है।

### जय कुमार बिजुरी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष

**बिजुरी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशभर के सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं उप ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की गई। जारी सूची में कांग्रेस पार्टी के युवा नेता जय कुमार छड़ी को बिजुरी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके नाम की घोषणा होते ही समूचे कोयलांचल क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि जय कुमार छड़ी को एक युवा, सक्रिय एवं तेज-तर्रार नेता के रूप में जाना जाता है।




### कोरिया को कुष्ठ मुक्त बनाना है

**बैकुण्ठपुर।** राज्य में कुष्ठ उन्मूलन के उद्देश्य से राज्य द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार जिले में कुष्ठ रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से समुदाय में कुष्ठ रोग के संक्रमण को रोकने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में कुष्ठ रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से प्रत्येक रोगियों का प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उपचार किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि रोग के प्रसार में नियंत्रण हो एवं कुष्ठ संबंधी विकलांगता से बचाया जा सके, इसके लिए जिले के सभी विकासखंड सोनहत, पटना, तहसील बचरापोड़ी एवं शहरी क्षेत्र में 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य अमलों द्वारा घर-घर भ्रमण कर कुष्ठ के संभावित व्यक्तियों की पहचान कर उनकी जांच एवं पुष्टि की जा रही है।

दिन में जली वाहनों की लाइट और अलाव

# शहर में सुबह 10 बजे तक छाया घना कोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिला दो दिनों से कोहरे के आगोश में समा रहा है। बीते शनिवार को तड़के से छाया कोहरा दिन निकलने के कई घंटो बाद तक छाया रहा। इस दिन कोहरा सुबह 10:30 बजे तक हल्की-हल्की छाई रही। इसके पहले सूर्योदय से पूर्व से ही शहर सहित जिलेभर में कोहरे का कहर बना रहा।

कोहरे का घनत्व सुबह के समय इतना रहा कि सूर्य का प्रकाश भी धरती तक नहीं आ पा रहा था, सुबह घने कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई थी और वाहन चालक हेडलाईट एवं इंडीकेटर जलाकर सड़कों पर धीमी गति से चल रहे थे। कोहरे के कारण दृश्यता करीब 50 मीटर से भी कम रही, ऐसे में सड़कों पर सुरक्षित गति से वाहन चालकों को वाहन चलाना पड़ा। कोहरे के साथ ही सुबह के समय कंपकंपाने वाली तेज ठंड का असर भी रहा, इसके चलते लोगों के सुबह की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। शनिवार को सुबह होने के पूर्व ही कोहरे की सफेद चादर से शहर लिपटा रहा, इसी तरह का हाल पूरे कोरिया जिले की रही। इस दिन बैकुंठपुर-सोनहत मार्ग पर पड़ने वाले शिवघाटी क्षेत्र घने कोहरे से पूरी तरह से ढंका रहा, जिसका नजारा देखते ही बन रहा था। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को दिन निकलने के कुछ घंटे बाद तक वाहन की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ रहा था। कोहरा जब छाने लगता है तब यह ठंड बढ़ने का संकेत होता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आगामी कुछ दिनों में जोरों की ठंड पड़ने वाली है, तेज ठंड पड़ने से गेहूं की फसल के लिए बेहद लाभदायक होता है। किसनों ने धान कटाई के बाद सिंचित क्षेत्र में रबी की प्रमुख फसल गेहूं की बोआई कर दिए है, जिसके लिए ठंड का बढ़ना लाभदायक साबित होता है।



छाया घना कोहरा।

#### वनांचल में जमकर पड़ रही ठंड

कोरिया जिले के पठारी एवं वनांचल क्षेत्रों में बीते कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र पठारी क्षेत्र है, इसके साथ ही यह जनपद वनों से आच्छादित क्षेत्र में शामिल हैं। इस क्षेत्र में मदानी क्षेत्रों की अपेक्षा सबसे अधिक ठंड पड़ रही है। यही कारण है कि शाम ढलने के बाद क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में लोगों की आवाजाही बहुत कम हो जाती है।


## शहर में थम नहीं रहा बंदरों का आंतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुठपुर में बंदरों का आतंक रूकने का नाम नहीं ले रहा है और न ही इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई सरकारी प्रयास भी नहीं हो रहे हैं,ऐसे में शहर के विभिन्न मोहल्ले के नागरिकों को आए दिन बंदरों के आतंक से परेशान होना पड़ रहा है।

■ समस्या से निजात दिलाने नहीं हो रहे हैं सरकारी प्रयास

यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि कई साल पुरानी समस्या है, लेकिन बंदरों के आतंक को रोकने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हुई। नतीजन सुबह के समय अलाव अन्य समय में भी शहर के विभिन्न मोहल्लों में बंदरों की टोली से लोगों को परेशान होते देखा जा सकता है। आम लोगों के अलावा छोटे-बडे दुकानदार भी बंदरों की टोली आने के बाद परेशान नजर आते हैं। । कई बार दुकानदार का ध्यान कही दूसरी ओर गया तो बंदरों के द्वारा पलक झपकते ही दुकान के सामने लटकाए खाद्य पदार्थ के पैकेट को लेकर भागते हैं। इसी तरह लोगों के घर आंगन एवं छतों में बंदरों को उछल कुद करते देखा जा सकता है। बंदरों की टोली द्वारा गमले व अन्य सामनों को भी नुकसान पहुंचाया जाता है, बावजूद इसके शहर में अब तक बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की दिशा में कोई प्रयास प्रशासन व वन विभाग द्वारा नहीं की जा रही है।



घर में उत्पात मचाते बंदर।

## भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला



**वेस्ट चिरमिरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला एमसीबी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर मनेन्द्रगढ़ विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगल भवन चिरमिरी में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बूथ स्तर पर एसआईआर के दूसरे चरण को प्रभावी ढंग से संपादित कराने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित एवं प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल, जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, महापौर चिरमिरी, विधानसभा एसआईआर प्रभारी अधिवक्ता आशीष सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे। मंच पर अनिल केशरवानी, राजकुमार बधावन, सरोज यादव, संजय राय, मनोज जैन, प्रतिमा यादव, रामलाल सिंह, आशीष मजूमदार एवं द्वारिका जायसवाल मौजूद रहे। कार्यशाला का शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इसके पश्चात लोकसभा में देश के गृहमंत्री अमित शाह के एसआईआर संबंधी उद्बोधन ▶▶शेष पेज 4 पर

### 18 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** शुष्क दिवस होने से अवैध मदिरा बिक्री रोकथाम के लिए जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में सघन गस्त के लिए टीम बनाकर कार्रवाई की गई।

गुरूवार 18 दिसंबर को फूलपुर चरचा मार्ग पर आबकारी अधिकारी द्वारा रोड़ चेकिंग में शिवमंगल पिता महादेव को एक्टिवा स्कूटी के डिक्की और झोला में 30 पाउच महुआ मदिरा लाते पकड़ा गया। मौके पर 18 लीटर महुआ मदिरा के साथ एक्टिवा स्कूटी वाहन जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर सीजेएम न्यायालय बैकुंठपुर में 14 दिनों के न्यायिक रिमांड पर जिला जेल भेजा गया।

### मां की ममता...



**बैकुण्ठपुर।** तस्वीर में बछड़ा अपनी मां का दूध पीते दिख रहा है,यह बिना भाषा का प्रेम है। मां का दूध सिर्फ भूख नहीं मिटाता बल्कि ममता और स्नेह की वो धार है जो हर बच्चे को सुरक्षा का एहसास दिलाती है।

## हिंदू सम्मेलन में गूंजा राष्ट्र निर्माण का संकल्प



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।



प्रस्तुति देतीं प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के श्रमवीर स्टेडियम बाजारपारा में शनिवार को आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन जनसमूह की अभूतपूर्व उपस्थिति का साक्षी बना।

दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुए इस सम्मेलन में सर्व हिन्दू समाज के महिला-पुरूष, युवा एवं बच्चों ने काफी संख्या में सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण एवं राष्ट निर्माण के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग प्रांत के प्रांत प्रचारक अजय राम रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्र प्रताप तिवारी, राणा प्रताप सिंह, श्याम नारायण यादव, हरियाणा अग्रवाल, बलराम प्रधान, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल, पार्षद कुमुद मिश्रा, प्रदीप तिवारी, कुंडल सायं, संजय देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, काजल मोदी, सिमरन श्रीवास्तव, राजू सिंह, शशिभूषण राय सहित क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजन मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ व साल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। सम्मेलन के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। हिन्दू विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर, चरचा के छात्राओं ने भक्ति गीत, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य और कर्मा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इसी क्रम में हिन्दू विद्यालय ▶▶शेष पेज 4 पर

### शीत ऋतु में परेशानियों से बचने एडवाइजरी जारी

**अनूपपुर।** शीत ऋतु में बढ़ती शीतलहर एवं ठंडी हवाओं के कारण आमजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन परिस्थितियों से बचाव और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी दी गई है। एडवाइजरी में बताया गया है कि शीतलहर का प्रकोप प्रायः माह दिसंबर व जनवरी में प्रतिवेदित होती है। ऐसी स्थिति में संवेदनशील समूह विशेषकर 65 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, दीर्घकालिक हृदय अथवा श्वसन रोगी से पीड़ित व्यक्ति, बेघर व्यक्ति, निर्माण स्थल व खुली जगहों पर कार्य करने वाले श्रमिक, सड़क पर रहने वाले लोग, खुले क्षेत्रों में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों द्वारा शीतलहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है।

## अलास्का में वार्षिक खेल महोत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** अलास्का पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने 18 दिसंबर 2025 को चौथे वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन उत्सव फार्म हाउस, जेल बिल्डिंग के पास चैनपुर में किया। सहायक जेल अधीक्षक, उप जेल, मनेन्द्रगढ़ विक्रम गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर संचालक मो. फिरोज व संचालिका रूहीन मंसूरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

प्रतियोगिता में कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के अनुशासित मार्च पास्ट से हुआ। प्रतियोगिताओं से पूर्व संचालक मो. फिरोज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक विकास भी करते हैं। ये अनुशासन सिखाते हैं और जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। छोटे खिलाड़ियों ने स्क्वीज एंड कलेक्ट, सर्कल हंट रेस, सैक रेस, 50 मीटर रेस, म्यूजिकल चेयर, टाइनी टावर रेस जैसे रोमांचक खेलों में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा कि कक्षाओं के अलावा खेल मैदान में समय बिताना बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है। पढ़ाई के साथ खेलों में रुचि भविष्य निर्धारित कर सकती है। आयोजन की सफलता में कॉर्डिनेटर्स ऋचा अग्रवाल, नेहा यादव तथा सहयोगी टीम- इलियास खान, शहाबुद्दीन अंसारी, अनामिका आईंद, आयशा खातून, निकुंज गोयल, उमा तिवारी, शांति जायसवाल व सुशीला का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं हुई खत्म, विद्यार्थियों को ठंड से मिलेगी राहत

# शीतकालीन अवकाश : कल से विद्यालयों के बंद होंगे पट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

ठंड बढ़ने के साथ ही आज से जिले के स्कूलों में शीतलकालीन अवकाश शुरू हो गया। शनिवार को विद्यालयों के पट बंद हुए तो अब एक सप्ताह पश्चात खुलेंगे। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश 22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक घोषित है, लेकिन शीतकालीन अवकाश शुरू होने के पूर्व 21 दिसंबर को रविवार अवकाश है और घोषित अवकाश 28 दिसंबर के दूसरे दिन रविवार अवकाश पड़ रहा है।

इस तरह विद्यालयों में 6 दिन की घोषित अवकाश में 8 दिनों का अवकाश मिल गया। दो रविवार पड़ने के कारण अतिरिक्त अवकाश दो दिनों का मिल गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में ठंड जोरों की पड़ रही है, ऐसे में विद्यालयों में विद्यार्थियों को ठंड के असर का सामना करना पड़ रहा था, ऐसे समय में कुछ दिनों के शीतकालीन अवकाश से विद्यार्थियों को ठंड से थोड़ी दिनों के लिए राहत मिल गई। आज से शुरू होने वाला शीतकालीन अवकाश अगले रविवार 28 दिसंबर तक रहेगा और इसके बाद 29 दिसंबर से विद्यालयों के बंद पट अब खुलेंगे।




शनिवार को आयोजित परीक्षा।

#### अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं हुई खत्म

शीतकालीन अवकाश के पूर्व विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो गई। कुछ दिनों पूर्व शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू हुई थी। प्राथमिक स्कूलों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा कुछ दिनों पूर्व ही समाप्त हो गई, वहीं उच्च विद्यालयों में शनिवार को पूरी तरह से अर्द्धवार्षिक परीक्षा समाप्त हो गई। इसके बाद विद्यार्थियों को करीब एक सप्ताह के लिए शीतकालीन अवकाश शुरू हो गया।

#### स्कूल खुलने के साथ ही प्रशिक्षण

जानकारी के अनुसार शीतकालीन अवकाश के बाद जसे ही विद्यालय खुलेंगे , वैसे ही शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। कुछ दिनों तक शिक्षक स्कूल खुलने के बाद प्रशिक्षण में रहेंगे। उल्लेखनीय है कि जिले में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू होने के साथ ही शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू हो गया और अब शीतकालीन अवकाश के बाद शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

खबर संक्षेप



## राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र कृतश से एसएसपी ने की मुलाकत

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में एक वर्ष की पढ़ाई और पशिक्षण पूर्व कर शहर लौटे कृतश मिश्रा से सरगुजा एसएसपी और एएसपी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एनडीए के छात्र को शुभकामनाएं दी। बता दें कि शहर के कृतश मिश्र ने सैनिक स्कूल अंबिकापुर से पढ़ाई की है और पढ़ाई के साथ ही राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा में सफलता हासिल की थी। एनडीए में चयन होने के बाद कृतश खड़गवासला पुणे प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण के साथ-साथ एम-टेक की पढ़ाई कर रहे हैं जहां तीन वर्ष पुर्ण होने पर हैदराबाद में आगे की पढ़ाई करेंगे। कृतश सरगुजा पुलिस के साइबर सेल में सहायक उप निरीक्षक अजीत कुमार मिश्रा के पुत्र है। शुक्रवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने मुलाकात कर उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं मार्गदर्शन दिया।

## सर्वसम्मति से मिन्हाज खान बने सर्व मुस्लिम समाज के अध्यक्ष



**सीतापुर।** मुस्लिम समाज को संगठनात्मक रूप से विस्तार देने एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने सर्व मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र की सात मुस्लिम कमेटी शामिल हुई। बैठक के दौरान सभी कमेटियों द्वारा सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान सर्व मुस्लिम समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें मो. मिन्हाज खान को सर्वसम्मति से सर्व मुस्लिम समाज का विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। सेकेट्री मो. अब्दुल तालिब, नायब सदर मो. तजम्मुल हसन, नायब सेक्रेटरी मो. नसीम खान एवं खजांची मो. जाकिर खान को बनाया गया है। इस अवसर पर सर्व मुस्लिम समाज के विधानसभा अध्यक्ष मिन्हाज खान ने कहा कि जिस भरोसे के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वो पूरी ईमानदारी और सभी के सहयोग से निभायेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट करते हुए सकारात्मक सोच के साथ नई दिशा प्रदान की जायेगी ताकि समाज में भाईचारा और एकता मजबूत बनी रहे।

## देह व्यापार के मामले में होटल का मैनेजर और कर्मचारी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** देह व्यापार के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब पुलिस ने इस मामले में होटल मैनेजर और कर्मचारी को गिरफ्तार किया है जबकि इसके पूर्व मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस द्वारा फिलहाल घटना की जांच की जा रही है। बता दें कि सरगुजा पुलिस ने देहव्यापार के मामले में बड़ा खुलासा किया था। पुलिस ने 10 नवंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार आकाशवाणी चौक स्थित घर से एक महिला को देह व्यापार के मामले में रंगे हाथों पकड़ने के साथ ही युवक-युवतियों को बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने महिला को धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही जांच में यह बात भी सामने आई कि महिला का पति सुनील कुमार भी इस कारोबार में शामिल है। युवक की पत्नी ग्राहक ढूंढती है और सुनील कुमार का साथी हेमंत दास देह व्यापार के लिए लड़कियों को ग्राहक तक लाने- ले जाने का काम करता है। इसके साथ ही इस कारोबार में उनका साथ एक अन्य महिला भी देती है। ऐसे में पुलिस ने 13 दिसंबर को मायापुर निवासी 40 वर्षीय सुनील कुमार आ. कमला साव, दरिमा तेलसखरिया निवासी 33 वर्षीय हेमंत दास आ. स्व. राजेश दास व एक अन्य महिला को गिरफ्तार किया था जबकि जांच में देह व्यापार में होटल मैनेजर का नाम भी सामने आया। पुलिस ने जांच उपरांत अर्बन चौपाटी के समीप स्थित होटल आर्यन के मैनेजर एमपी रीवा के अथरैला पटेहरा सिरमौर निवासी 53 वर्षीय मौजी लाल जायसवाल आ. जगदेव प्रसाद जायसवाल व कर्मचारी बलरामपुर जिले के कुसमी जिगनिया निवासी 22 वर्षीय एकलव्य पैकरा आ. जनार्दन राम पैकरा को गिरफ्तार किया है।

## मुंशी राम शांडिल्य बने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मुंशी राम शांडिल्य को सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम सनावल के निवासी हैं। पार्टी ने उनके संगठनात्मक कौशल को देखते हुए उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा, मंडल सनवाल का प्रभारी भी नियुक्त किया, जहां उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य, नावाडीह के रूप में जनप्रतिनिधित्व कर रहे हैं और क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### पीएम नरेंद्र मोदी को भेजेंगे सिग्नेचर के साथ पत्र

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने 75 हजार हस्ताक्षर का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से हो रहे पर्यावरण को नुकसान और प्रदूषण को रोकने के लिए चलाए गए अभियान के तहत शहर के होलीक्रास स्कूल के बच्चों ने एक और नवाचार किया है। इस बार स्कूल के बच्चों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने लिए 75 हजार हस्ताक्षर अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने की मांग को लेकर आम लोगों के हस्ताक्षर के साथ पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजेंगे। छात्र छात्राओं में इस अभियान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

**खास बात**

- पूर्व में पीएम कर चुके है सराहना

सिंगल यूज प्लास्टिक का पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान को लेकर शहर के होलीक्रास स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया है। स्कूल के विद्यार्थी वर्ष भर उनको मिलने वाले प्लास्टिक रैपर को एकत्रित करते है और फिर उन रैपर्स को उन्ही कंपनी को गिफ्ट पैक कर भेज देते है। छात्रों के इस पहल की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कर चुके है और बच्चों के इस अभियान को उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया था। पीएम की सराहना के बाद बच्चों का उत्साह बढ़ा और वे इस अभियान को अब तक जारी रखे हुए है। इसके साथ ही इस बार बच्चों ने कंपनियों को उनके सिंगल यूज रैपर भेजने के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर 75 हजार लोगों के हस्ताक्षर के साथ पत्र पीएम नरेंद्र मोदी को भेजने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्कूल के छात्र छात्राएं अपने परिजन, रिश्तेदारों, शहर के लोगों, दूसरे स्कूल के बच्चों से लेटर में हस्ताक्षर ले रहे है। वे इस लेटर के माध्यम से प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने का निवेदन करेंगे।




प्राचार्य से चर्चा करते ब्वायज विंग के प्रेसिडेंट शाश्वत पांडेय व गर्ल्स विंग की प्रेसिडेंट अन्वेषा सिन्हा।

**आम लोगों से लेंगे मदद**

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर बच्चे काफी गंभीर है और वे सिंगल यूज प्लास्टिक के रैपर विभिन्न कंपनियों को भेजेंगे। इसके लिए 5 जानवरों को शहर में एक जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा नागरिकों से भी इस मुहिम में जुड़ने का आह्वान किया जाएगा। अपने अपनियाँ को लेकर स्कूल के गर्ल्स विंग की प्रेसिडेंट अन्वेषा सिन्हा ने बताया कि हमने सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर को बैन करने का अभियान छेड़ा है इस बार हम सिग्नेचर कैम्पेन कर रहे हैं। तहत हम लोगो के सिग्नेचर ले रहे हैं और इसे प्रधानमंत्री को भेजेंगे ताकि हमारे देश में सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर पर बैन लागू किया जाए। पीएम ने ट्विट करके जब सराहना की तो हम हमारा उत्साहवर्धन हुआ। स्कूल के ब्वायज विंग के प्रेसिडेंट शाश्वत पांडेय ने बताया की हमारा उद्देश्य है कि सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद किया जाए। यह प्लास्टिक नॉन बायोडिग्रेडेबल हैं और पर्यावरण के साथ ही हमारे के लिए खतरनाक है।

**पीएम के ट्वीट हुआ उत्साहवर्धन**

हमारे बच्चे अभी प्लास्टिक बैन सिग्नेचर के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने अपने पैरेंट्स और टीचर के सिग्नेचर लिए हैं। इसके साथ ही शहर में अन्य लोगों के हस्ताक्षर ले रहे है और पीएम नरेंद्र मोदी को हस्ताक्षर के साथ पत्र पहुंचाने की कोशिश कर रहे है। जब गर्मियों की छुट्टी में बच्चे अपने घर में होते हैं उस समय ये लीडर रोज स्कूल आकर इसकी तैयारी करते हैं। 2020 में प्रधान मंत्री ने हमारे स्कूल के बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए एक ट्वीट किया था जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ और वे आगे बढ़ रहे है।

-डॉ. सिस्टर जेस्सी
प्रिन्सिपल



## धान खरीदी के बाद उठाव नहीं होने से खरीदी व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में धान खरीदी के सक्रिय दौर के बीच धान उठाव पूरी तरह ठप्प होने से सूरजपुर जिले की खरीदी व्यवस्था की स्थिति गंभीर है,गत एक माह से अधिक समय से जिलेभर के धान खरीदी केंद्रों में लगातार धान की आवक हो रही है,लेकिन 19 दिसंबर तक कुल धान उठाव एक प्रतिशत भी नहीं हो सका है,इस गंभीर स्थिति को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला सूरजपुर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप नहीं होने पर धान खरीदी बंद होने की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि जिले के लगभग सभी धान खरीदी केंद्रों पर धान का स्टॉक निर्धारित बफर लिमिट से कई गुना अधिक पहुंच चुका है,हालात यह हैं कि कई केंद्रों में अब धान रखने के लिए अतिरिक्त जगह तक उपलब्ध नहीं है, खुले में धान रखने की नौबत आ गई है, जिससे न सिर्फ गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है बल्कि सुरक्षा और नुकसान का खतरा भी बढ़ गया है,सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अब तक संग्रहण केंद्रों में भी उठाव शुरू नहीं हो सका है, परिवहन व्यवस्था, गोदाम आबंटन और लॉजिस्टिक तालमेल के अभाव में पूरी सप्लाई चैनल ठप्प है, यदि यही स्थिति रही तो प्रशासन द्वारा तय लक्ष्य समय पर पूरा करना असंभव हो जाएगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि धान की खरीदी 14 से 17 प्रतिशत नमी के साथ की गई है। लंबे समय तक उठाव नहीं होने से धान में सुखत और गुणवत्ता ह्रास शुरू हो चुका है। इससे समितियों पर भारी आर्थिक नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। साथ ही यदि धान की गुणवत्ता मानकों से नीचे गई तो आगे चलकर भुगतान और नीलामी में भी दिक्कतें आ सकती हैं। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट कहा है कि यदि शनिवार और रविवार को भी धान उठाव नहीं हुआ तो सोमवार 22 दिसंबर से धान खरीदी जारी रखना संभव नहीं होगा, धान उठाव न होने से किसानों में भी असंतोष और बेचैनी बढ़ती जा रही है। कई किसानों ने खरीदी केंद्रों पर धान बेच तो दिया है, लेकिन आगे की प्रक्रिया अटकने से उन्हें समय पर भुगतान और सुरक्षित भंडारण को लेकर चिंता सता रही है। जगह की कमी, स्टॉक प्रबंधन और गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी पूरी तरह कर्मचारियों पर आ गई है, जिससे कार्य दबाव और तनाव लगातार बढ़ रहा है।

सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने मांग की है कि सभी धान खरीदी केंद्रों से तत्काल धान उठाव शुरू कराया जाए, संग्रहण केंद्रों और गोदामों की संख्या बढ़ाई जाए, परिवहन व्यवस्था को सुचारु करने के लिए विशेष टीम और अतिरिक्त संसाधन लगाए जाएं, सप्ताहांत में भी धान उठाव सुनिश्चित किया जाए।

## डीएवी स्कूल में रंगारंग वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य अनामिका भारती के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गुरुवार को विद्यालय का भव्य वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह ,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र,विशिष्ट अतिथि अल्पना सिंह अध्यक्षा, शिवानी महिला मंडल बिश्रामपुर, मोलिका मुखर्जी, प्राचार्य डीएवी भटगांव व मैनेजर डीएवी बिश्रामपुर, अजय मिश्रा, डीईओ, जिला सूरजपुर, अतिथि जी के राय, जीएम ऑपरेशन एसईसीएल बिश्रामपुर, एसके पांडेय, प्राचार्य डीएवी चिरमिरी, जेसीसी मेंबर्स एवं विविध संघों के पदाधिकारी का विद्यालय प्राचार्य अनामिका भारती जी एवं वरिष्ठ अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा सैपलिंग भेंट कर उनका स्वागत किया गया, विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आमंत्रित अतिथियों के सम्मान में संगीतमय स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान से किया गया। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती ने आमंत्रित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय परिवार का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि डॉ. संजय सिंह ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में भिन्न- भिन्न प्रकार की प्रतिभाएं होती हैं। इस प्रकार के आयोजन से उनके हुनर उभरकर सामने आते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित वंदेमातरम नृत्य,नेचुरल रिसोर्सेस, रामलीला, वेस्टर्न डांस, छत्तीसगढ़ी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, भांगरा, गुजराती नृत्य, बिहू नृत्य, नाटक बदलता परिवेश, म्यूजिकल आर्केस्ट्रा, वुमेन इम्पॉवरमेंट के साथ प्री प्राइमरी विंग के नन्हे बच्चों का रैंपवॉक, फेस्टिवल ऑफ इंडिया डांस की रंगारंग एवं आकर्षक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर सत्र 2023–24, कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा एवं सत्र 2024-25, दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों सहित डीएवी राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में विविध खेलों में पदक विजेता विद्यार्थियों, आईआईटी, नीट आदि परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले डीएवी विश्रामपुर के बारहवीं उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं तथा सत्र 2024-25 बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशतसे अधिक क्यूपीआई देने वाले टीचर्स प्रगति दीक्षित व रितेश कुमार, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं इन्फॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस,मिनीमोल डिसिल्वा व लक्ष्मीकांत दास अंग्रेजी,ए एम चौबे हिंदी,पी के वैद्य फिजिकल एजुकेशन को विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्मृति चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक एल के दास, वरिष्ठ अध्यापिका शोभा नामदेव एवं विद्यालय के विद्यार्थियों मान्यता जायसवाल, मैथिली मिश्रा, जायना नजीम,एलिजा खान, कृति श्रीवास, शैली शैलजा टोप्पो, इज़्मा खान व सौमिल गुप्ता ने किया। वरिष्ठ अध्यापक एएम चौबे द्वारा आभार ज्ञापन किया गया।सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन किया गया।

## ट्रेलर के पीछे टकराया बाइक सवार, गंभीर

**मानीचौक।** ग्राम मानी स्थित पेट्रोल पंप के समीप बीती रात बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे टकरा गया। दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जानकारी अनुसार एक ट्रेलर वाहन कोयला लोड कर बिश्रामपुर रोड में निकला था। जैसे ही ट्रेलर चालक वाहन लेकर मानी पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा और सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच पीछे से आ रहे बाइक सवार ग्राम मानी निवासी युवक चैंपियन सिंह आ. लक्ष्मण सिंह ने अचानक बाइक से नियंत्रण खो दिया और ट्रेलर वाहन के पीछे जा टकराया। दुर्घटना में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई है जिसकी प्राथमिक उपचार के बाद परिजन युवक को अंबिकापुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया है जहां पर ईलाज जारी है। परिजन ने बताया कि सिर में गंभीर चोंट लगा है जिसको चिकित्सकों ने आईसीयू वार्ड में भर्ती कर इलाज कर रहे है।




## गन्ने का अवैध परिवहन, प्रशासन ने किया जब्त

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन के मार्गदर्शन में लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर में गन्ने के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता क्षेत्र अंतर्गत उत्पादित गन्ने को एक ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 23 ई 9973 में लोडकर पश्चिम बंगाल की ओर अवैध रूप से परिवहन किए जाने का प्रयास किया जा रहा था,सूचना मिलते ही एसडीएम शिवानी जायसवाल के निर्देशन में तहसीलदार लटोरी सुरेंद्र पैकरा के सहयोग से नायब तहसीलदार लटोरी दिवाकर के नेतृत्व में राजस्व विभाग, मंडी विभाग सूरजपुर, पुलिस विभाग, गन्ना विभाग तथा शुगर फैक्ट्री केरता के प्रबंध संचालक एवं एमडी की उपस्थिति में संयुक्त टीम द्वारा मौके पर कार्रवाई की गई,जांच के दौरान अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर संबंधित ट्रक को मध्य रात्रि करीब 1 बजे रोककर शुगर फैक्ट्री केरता ले जाया गया, इसके पश्चात ट्रक में लोड गन्ने को नियमानुसार संबंधित किसान के नाम से कारखाना परिसर में सुरक्षित रूप से खाली कराया गया,कार्रवाई से गन्ने के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है, जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों के हितों के संरक्षण तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों के पालन हेतु इस प्रकार की संयुक्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।



## ग्राम पंचायत हरगवां में प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत हरगवां में प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2024–25 के क्रियान्वयन में भारी अनियमितताओं का आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत हरगवां में वर्ष 2024–25 में कुल 76 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए थे। इनमें से केवल 15 आवास पूर्ण हुए हैं, 12 आवास प्लिंथ लेवल एवं कुछ डोर लेवल तक बने हैं, जबकि 49 आवासों का कार्य अब तक शुरू ही नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हितग्राहियों से संपर्क करने पर यह तथ्य सामने आया कि आवास की स्वीकृत राशि को सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा अंगूठा लगवा कर हितग्राहियों की आईडी से निकाल लिया गया, जिसके कारण आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



## प्रबंधन व सुरक्षा अमले की सख्ती के बाद अवैध रूप से काबिज 25 से अधिक कंपनी आवास हुए खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवास की उपलब्धता में आ रही परेशानी को देखते हुए प्रबंधन ने अवैध रूप से कब्जा किए गए कंपनी आवासों को खाली कराने के लिए चरणबद्ध अभियान शुरू किया है,इस अभियान में प्रबंधन को लगातार सफलता मिल रही है।

क्षेत्रीय महाप्रबंधक के निर्देश पर सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह एवं सुरक्षा अमले द्वारा पिछले छह माह से क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में सर्वे कर अवैध कब्जाधारियों की पहचान की जा रही है,सर्वे में करीब 500 से अधिक आवासों में बाहरी व्यक्तियों एवं सेवानिवृत्ति के बाद भी निवासरत कर्मचारियों द्वारा अवैध कब्जा पाया गया है। प्रबंधन द्वारा ऐसे सभी कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर क्वार्टर खाली कर कंपनी को सुपुर्द करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, जिसका असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है,सुरक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार,अब तक 25 से अधिक लोगों ने अवैध रूप से कब्जा किए गए क्वार्टर खाली कर प्रबंधन को सौंप दिए हैं। क्वार्टर खाली करने वालों में पुलिस अधिकारी, कंपनी के अधिकारी तथा कई सेवानिवृत्त कर्मी शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से अमरेंद्र नाथ सिंह, हरदेव सिंह, बी. मुखर्जी, राम नारायण राजवाड़े, अभय नायर, के. यू. सेठी, सर्वदेव यादव, प्रद्युम्न सिंह, दिनेश कुमार खेस, सौरव यादव, सिंह कंस्ट्रक्शन, रामस्वरूप असाटी, एडिशनल एसपी महालक्ष्मी कुलदीप, बैंक कर्मी अजय कुमार मलिक, अनीत गौरे, भोला प्रसाद पटेल, अशोक कुमार स्वाई, एस. के. द्विवेदी, प्रकाश बंडीआई, शंख लाल साहू, शमशुद्दीन, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार दास एवं जे. के. बर्खानिया के नाम शामिल हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि अभी भी सैकड़ों कब्जाधारियों को चरणबद्ध तरीके से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। निर्धारित समय-सीमा के बाद प्रबंधन सख्ती बरतते हुए कंपनी आवासों को खाली कराया जाएगा ।

## भाजपा के जिला अध्यक्षों के चयन पर युवा मोर्चा ने मनाई खुशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज


भाजपा के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति एवं युवा मोर्चा के नए जिला अध्यक्षों के चयन पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और युवा मोर्चा के सदस्यों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष बद्री यादव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुंशी सिंह और युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल पांडे के बनने की खबर मिलने के बाद भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने स्थानीय लरंगसाय चौक पर जश्न मनाया।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने आतिशबाजी के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। आयोजन में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और उन्होंने पार्टी की नीतियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा भी की। उपस्थित युवाओं ने कहा कि नए अध्यक्षों के आने से जिले में संगठन को और मजबूती मिलेगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी। भाजपा युवा मोर्चा विक्रम गुप्ता एवं नंदकेश्वर गुप्ता ने कहा कि यह पार्टी और संगठन के लिए गर्व का पल है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग करने और जिले के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। इस दौरान कन्हैया लाल अग्रवाल, शर्मिला गुप्ता,अरुण केसरी, सीताराम गुप्ता, संजय गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, धर्म प्रकाश केसरी, विकास गुप्ता, अर्जुन दास, सिद्धांत यादव, अर्पित जायसवाल, आकाश तिवारी, अमित सिंह कृष्ण गुप्त, अमन पांडे, कलाम मंसूरी सहित भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

**सूरजपुर।** नेशनल हेराल्ड मामले में केंद्र सरकार द्वारा ईडी के माध्यम से सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर की गई है एफआईआर को न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिए जाने तथा न्यायालय द्वारा यह टिप्पणी देने की यह ईडी के कार्यक्षेत्र से बाहर का मामला है। इस मामले को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा भाजपा कार्यालय का घेराव किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया। भाजपा कार्यालय का घेराव के दौरान पुलिस से झूमाझटकी भी हुई। साथ ही कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं व पूर्व विधायक व पार्टी के पदाधिकारी ने




कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को लेकर केंद्र की सरकार विपक्ष को खत्म करना चाहती है। लेकिन न्यायालय ने उनके मनसुखों पर पानी फेर दिया है और यह सत्य की जीत है। इसके पूर्व स्थानीय बाइपास चौक के पास बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं ने रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय की ओर कुच किया जहां बड़ी तादाद में प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल उपस्थित रहे। पांच लेयर की सुरक्षा व्यवस्था को भेदकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बैरिकेटिंग तोड़ते हुए अंदर घुसकर सत्यमेव जयते का बैनर लहराते हुए अपना विरोध प्रकट किया। पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच काफी देर तक झूमझटकी हुई जिसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रकट किया। इस दौरान पूर्व विधायक पारस नाथ राजवाड़े, इस्माइल खान,जीएस मिश्रा, विद्यासागर सिंह, संजय डोसी, सुनील अग्रवाल, मेहदी यादव, अनिल गुप्ता, नवीन जायसवाल आदि शामिल रहे।



# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style

# राधिका

## मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती


राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इंवास की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इंवास) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

## टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

नई दिल्ली। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।




# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

मुंबई। आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ⏭ मनई दिल्ली


ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग को मिली ट्राई साइकिल

**मनेन्द्रगढ़।** शासन की योजनाएं तभी सार्थक होती हैं जब वे सही समय पर सही व्यक्ति तक पहुंचे। ऐसा ही एक मानवीय उदाहरण जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत भलौर में देखने को मिला, जहां वर्षों से ट्राई साइकिल के लिए संघर्ष कर रहे गरीब दिव्यांग राजेंद्र सिंह की लंबी प्रतीक्षा आखिरकार समाप्त हुई।

### 10 एकड़ में खेती की सिंचाई और मछली पालन से बढ़ी आजीविका

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत-बिलारो में गौठान तालाब का चिन्हांकन किया गया। उक्त तालाब का उपयोग समुदाय के द्वारा 20 वर्षों से अधिक समय से उपयोग किया जा रहा है, किंतु समय बीतने पर गाद जमा होने की वजह से धीरे-धीरे जल भराव का स्तर कम होने लगा था जिससे आस-पास रहने वाले ग्रामीण किसानों को खेती वाड़ी, निस्तारी व निजी कार्यों के लिए बहुत परेशानियां उठानी पड़ रही थी। गौठान तालाब के जीर्णोद्धार के लिए ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत तालाब गहरी करण एवं 1 नग घाट निर्माण कार्य के लिए 9 लाख 21 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृति उपरांत ग्राम पंचायत द्वारा यह कार्य संपादित कराया गया। यह कार्य जल संसाधन के पुनरूद्धार के साथ ही गांव में रोजगार के अवसर लेकर आया। इस कार्य के दौरान 427 जाबकार्ड धारियों ने कुल 2 हजार 267 दिवस का अकुशल श्रम करके मजदूरी प्राप्त की। गांव वालों की सहभागिता से अब यह तालाब गांव का एक प्रमुख संसाधन बन गया है।

### बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी की सलाह

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। लगातार गिरते तापमान के कारण सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को हो रही है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में इजाफा होने की आशंका है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार, सांस की दिक्कत, जोड़ों के दर्द और हृदय संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। विशेष रूप से बुजुर्गों और छोटे बच्चों को सुबह-शाम की ठंडी हवा से बचाना जरूरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री खरे ने कहा कि अनावश्यक रूप से घर से बाहर ना निकलें। यदि बाहर जाना आवश्यक हो तो ऊनी कपड़े, जैकेट, टोपी, मफलर, मोजे और दस्ताने पहनकर ही निकलें। बच्चों को ठंडे फर्श पर बैठने या खेलने से रोके और उन्हें पूरी तरह गर्म कपड़ों में रखें। खान-पान को लेकर उन्होंने कहा कि ठंड में गर्म और पौष्टिक भोजन का सेवन बेहद जरूरी है।

## निधन

### सरोज कुमार मिश्रा



**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र के निवासी सरोज कुमार मिश्रा पूर्व रीडर एसडीएम मनेन्द्रगढ़ निवासी सर्कस ग्राउंड मनेन्द्रगढ़ का शनिवार को निधन हो गया। वे नवनीत कुमार मिश्रा के पिता थे। स्व. मिश्रा का अंतिम संस्कार 21 दिसंबर रविवार को आमाखेरवा मुक्तिधाम में प्रातः 9 बजे किया जाएगा।

## निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन में नहीं मिल रहा पौष्टिक आहार

# जिले के अधिकांश विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन वितरण में बरती जा रही लापरवाही

**हरिभूमि न्यूज : प्रतापपुर**

बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर शासन न सिर्फ गंभीर है बल्कि बच्चों को शिक्षा के साथ पौष्टिक आहार मिल सके इसके लिए प्राथमिक पाठशाला में मध्यान्ह भोजन वितरण योजना संचालित की है। योजना के मुताबिक सभी स्कूलों में बच्चों को स्कूलों में नाश्ता से लेकर भोजन तक की व्यवस्था की गई है जिसका लाभ स्कूलों में पढ़ाई करने वाले नौनिहाल बच्चों को मिल रहा है परंतु प्रतापपुर क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में जहां बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में सब्जी में केवल सोयाबीन बड़ी और आलू ही दिया जा रहा है। बच्चों को हर रोज स्कूल में एक ही सब्जी खिलाने से बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने लगा है।

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दवनकरा, पलढा के दुदुरापारा एवं बगड़ा स्थित प्राथमिक पाठशाला में गांव के ही बालक.बालिकाएं अध्ययनरत है जहां बच्चों के लिए स्कूल मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था है। परंतु पिछले कई माह न तो मीनू के हिसाब से बच्चों को भोजन दिया जा रहा है और न ही बच्चों के थाली में पौष्टिक आहार मिला।

मध्यान्ह भोजन वितरण में लापरवाही से परिजन में आक्रोश है। स्कूलों में बच्चों को मध्यान भोजन के सब्जी में सिर्फ आलू और सोयाबीन बड़ी ही परोस जा रहा है। बच्चो को मीनू अनुसार भोजन नहीं मिलने तथा हर रोज सब्जी में केवल सोयाबीन बड़ी और आलू देने की घटना उस समय उजागर हुई जब दो दिन पूर्व ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा ने ग्राम पंचायतों के स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी पाया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन में चावल के साथ हर रोज आलू और सोयाबीन बड़ी की सब्जी दी जाती है। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने महिला स्वयं सहायता समूह केवरा के अध्यक्ष कलावती जायसवाल से मध्यान्ह भोजन के संबंध में पूछताछ की। साथ ही सप्ताह में कम से कम तीन दिन मीनू के आधार पर बच्चों को हरा सब्जी देने के निर्देश दी।

**बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में परोस रहे सोयाबीन बड़ी और आलू**



मध्यान्ह भोजन में आलू-बड़ी की सब्जी।



निरीक्षण करते जिपं अध्यक्ष व अन्य।

### बच्चों की संख्या हो रही कम

स्कूल में मध्यान्ह भोजन में सिर्फ सब्जी में आलू और सोयाबीन बड़ी खिलाने से बच्चे परेशान हो गए है। जिससे अब स्कूल में बच्चों की संख्या में कम हो रही है। हालांकि जो बच्चे स्कूल जाते है लेकिन हर रोज आलू और सोयाबीन बड़ी देने के कारण कम बच्चे ही भोजन करते है। ऐसे में शासन द्वारा चलाए जा रहे मध्यान्ह भोजन का लाभ बच्चों को नहीं मिल रहा है।

### दिए गए है निर्देश

ग्राम पंचायतों के प्राथमिक पाठशाला में मध्यान्ह भोजन में मीनू के आधार पर भोजन देने के निर्देश दिए गए है। साथ ही सप्ताह में कम से कम तीन दिन पौष्टिक आहार के रूप में हरे सब्जी देने के लिए कहा गया है। मीनू अनुसार भोजन नहीं देने पर कार्रवाई की जाएगी।

-श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा
जिला पंचायत अध्यक्ष

## अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

संभाग के सर्वश्रेष्ठ सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में शनिवार को कक्षा नर्सरी से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए चौथी अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों के बीच विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, द्वितीय आवधिक मूल्यांकन (पी ए -2), कक्षा कार्य, उपस्थिति तथा समग्र विकास पर विस्तृत चर्चा की गई।

काफी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति ने बैठक को सफल और सार्थक बनाया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी के द्वितीय आवधिक मूल्यांकन के परिणाम साझा किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की विशेष रूप से सराहना की गई। साथ ही आगामी परीक्षाओं की तैयारी, अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था एवं गृहकार्य प्रबंधन पर भी विचार-विमर्श हुआ। अभिभावकों को बच्चों के मोबाइल उपयोग, अध्ययन अनुशासन एवं समय-सारिणी को लेकर उपयोगी सुझाव दिए गए। बैठक में खेलकूद, योग, पर्यावरण जागरूकता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के प्रस्तावित शैक्षणिक भ्रमण पर भी चर्चा की गई। अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना करते हुए पाठ्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए, जिन्हें विद्यालय के प्राचार्य डॉ.बसंत कुमार तिवारी ने स्वागत योग्य बताते हुए सकारात्मक रूप से स्वीकार किया।

## पूर्व छात्रों का समागम आज, सरस्वती शिशु मंदिर में जुटेंगे 22 साल के छात्र एक साथ

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़।**

मनेन्द्रगढ़ में 1970 में शुरू हुई सरस्वती शिशु मंदिर संस्थान के पचपन साल के इतिहास में पहली बार पूर्व छात्रों का सम्मेलन होने जा रहा है। यह आयोजन 21 दिसंबर को सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में होगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्य विनोद शुक्ला ने बताया कि 1983 से 2005 तक विद्यालय से पढ़कर निकले भैया और बहिन पूर्व छात्रों के सम्मेलन में शामिल होंगे।

विद्यालय के सभी पूर्व छात्रों के सहयोग से आयोजन को लेकर रूपरेखा बनाई गई है। समागम में 500 से अधिक छात्र शामिल होंगे जो स्कूल में बिताए हुए अपने दिनों को याद करेंगे। सुबह 8 बजे से सम्मेलन शुरू होगा जो शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमे पूर्व और वर्तमान में कार्यरत आचार्यो का सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, इसके अलावा विद्यालय से शाम चार बजे घोष दल के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी जो भगत सिंह तिराहे होकर जैन मंदिर गुरुद्वारा विवेकानंद चौक राम मंदिर होते हुए विद्यालय में समाप्त होगी। इस दौरान शोभायात्रा का लोगों द्वारा स्वागत भी किया जाएगा। आयोजन को भव्य बनाने के लिए जगह-जगह स्वागत द्वार भी बनाए गए हैं।




### बैंक अधिकारियों ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को दिया कंबल

**अम्बिकापुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रबंधन द्वारा विविध गतिविधियां चलाई जा रही है। गुरूवार को बैंक अधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग के सहयोग से अजिरमा स्थित वृद्धाश्रम में निवासरत 25 वृद्धों को कंबल प्रदान किया। क्षेत्रीय प्रबंधक वृद्धाश्रम के वरिष्ठजनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा फल प्रदान किया। उन्होंने वरिष्ठजनों से बात कर उनकी स्थिति जानी। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री उईके, संजय ठाकुर, सेंट्रल बैंक के रोहितास यादव, श्याम गुप्ता, अविनास खलखो, गोविन्द सिंह सहित अन्य कर्मचार उपस्थित थे।

## सुशासन सप्ताहः प्रशासन गांव की ओर अभियान में जनसभागिता जरूरी

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

भारत सरकार के सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत जिले में 19 दिसंबर को नगर पंचायत पटना में विकासखंड स्तरीय विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। यह शिविर सामाजिकारण, धरती आबा अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह प्रतिषेध, महिला सशक्तिकरण थीम पर आधारित रहा।

इस शिविर माध्यम से ग्रामीण आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ जांच, आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क आयुष काढ़ा व दवाई वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 ट्रायसिकल, 1 व्हीलचेयर, 15 छड़ी जरूरतमंदों को वितरण किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा धरती आबा के तहत चयनित ग्रामों के 10 बच्चों जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। पशु कल्याण विभाग द्वारा विभागीय जानकारी देते हुए दवाई वितरण की गई साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं बाल-विवाह मुक्त कराने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत की गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण स्कीम है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तरों की समस्याओं का तत्काल समाधान करना है। उन्होंने जिले को बाल विवाह मुक्त कराने के लिए लोगों जागरूक होने की बात कही, उन्होंने बच्चियों को पढ़ने पर जोर देते हुए कहा जो काम बेटा कर सकता वो बेटी भी कर सकती है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने इस अभियान की जानकारी दी।

## न्यू लाईफ में दो दिवसीय एनवल फिस्टा का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग महाविद्यालय में संस्था प्रबंधन के मार्गदर्शन में दो दिवसीय एनवल फिस्टा का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.प्रिंस जायसवाल एवं श्रीमती वंदना जायसवाल के साथ संस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ के द्वारा मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। एनवल फिस्टा के प्रथम दिवस में लेमन रेष, क्विज, साड़ी डेज्पिंग, पोट डेकोरेशन, राधा रानी मेकअप प्रतियोगिता आयोजिता किया गया। एनवल फिस्टा के द्वितीय दिवस कार्यक्रम में सोलो एण्ड ग्रुप सांग, कपल नृत्य, और ग्रुप नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में क्रिसमस सेलिब्रेशन अतंर्गत संस्था के समस्त बीएससी नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा क्रिसमस डांस की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समस्त शिक्षकों एवं छात्र- छात्राओं को चार ग्रुप- रेड रोज, ग्रीन जीनीया, ब्लू बेल एवं यलो डेफोडील में बांटा गया था। दो दिवसीय एनवल फिस्टा प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने हर्ष एवं उल्लास के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने प्रतिभा का भरपुर प्रदर्शन किया। संस्था प्रमुख डॉ. प्रिंस जायसवाल, सचिव श्रीमती वंदना जायसवाल, प्राचार्य डॉ. अंजना सैमुअल एवं समस्त स्टाफ के द्वारा क्रिसमस केक काटा गया साथ ही समस्त शिक्षकों एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा क्रिसमस मनाया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन सुधालता यादव एवं लक्ष्मी साहू के द्वारा किया गया।

## गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज ने की विधि विधान से पूजा- अर्चना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

गुरुवार को सतनामी समाज द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान समाज के लोगों ने गुरु घासीदास उद्यान में जैतखंभ की पूजा अर्चना की और गुरु घासीदास जी के संदेशों का वाचन किया। वहीं समाज द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जन जागृत सतनामी सेवा समिति द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जयंती के अवसर पर गुरु घासीदास उद्यान में स्थित जैतखंभ की पूजा अर्चना हेतु वृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज के पुरुष, महिलाएं, बच्चे व युवा शामिल हुए। इस दौरान विधि विधान से जोड़ा जैतखंभ की पूजा अर्चना पंडित कुक राम बंजारे द्वारा की गई और झंडा लगाया गया। गुरु घासीदास जी के 7 संदेशों व 42 वचनों का पाठन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष द्वारा लोगों को गुरु घासीदास मानव समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया। एमबीबीएस में सफलता हासिल करने वाले अमन मधुकर, टिकेश्वर बंजारे, तनु टंडन, अर्पिता रंतेश, तशिका ओगरे, आमिनी भास्कर, सहित अन्य को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा में मेडल हासिल करने वाले प्रबुद्ध आ. लक्षनधारी, बुद्धदेव आ. लक्षनधारी, मयंक राजवाड़े, अक्षय जांगडे, यश कठुतिया को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक भोज का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने की मिला। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डीआर ढिढी, होम गार्ड कमांडेंट शिव कुमार कठुतिया, सचिव मनोज लहरे, मीडिया प्रभारी नरेंद्र दिव्य, कोषाध्यक्ष श्रवण खूटे, उपाध्यक्ष रोहित राम महेश सहित अन्य मौजूद थे।



## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कल से, जिले में 1,04,660 बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन जिले में 21 से किया जाएगा जो 23 दिसम्बर तक चलेगा। तीन दिवसीय इस अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1,04,660 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 729 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 दिसम्बर को सुबह जिला एवं विकासखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा।

अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि द्वितीय एवं तृतीय दिवस बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण दलों द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की जा चुकी हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी अभिभावकों से कहा है कि वे अपने 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 21 दिसम्बर को नजदीकी पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद अवश्य पिलाएं और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना सहयोग दें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वैक्सीन एवं अन्य आवश्यक लॉजिस्टिक सामग्री का वितरण विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में किया जा चुका है। अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों के खंड चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंबा कार्यकर्ता एवं मितानिनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के पहुंच विहीन क्षेत्रों, मेला-बाजार, ईंट भट्ठों, मलिन बस्तियों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार एवं औद्योगिक क्षेत्रों में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए विशेष मोबाइल टीमों का गठन किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
**क्रमांक Q/वाचक / 2024**
**बैकुण्ठपुर दिनांक 19/12/2024**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम विशुनपुर की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका रविशंकर यादव पिता/पति हरिहरराम जाति अहीर निवासी विशुनपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा पूजा यादव निवासी विशुनपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 4/3/2007 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 31/12/25 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 19/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
**क्रमांक Q/वाचक / 2024**
**बैकुण्ठपुर दिनांक 19/12/2024**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम विशुनपुर की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका रविशंकर यादव पिता/पति हरिहरराम जाति अहीर निवासी विशुनपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा विशाल यादव निवासी विशुनपुर का जन्म/मृत्यु दिनांक 26/7/2005 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 31/12/25 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 19/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

## पृष्ठ 1 का शेष

### भाजपा की विधानसभा...

का एलईडी के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। इसके बाद जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभियान को लोकतंत्र की मजबूती से जोड़ा। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने संगठनात्मक दृष्टि से एसआईआर की महत्ता पर प्रकाश डाला। अंत में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का असली महत्व बूथ स्तर पर है, क्योंकि यही मतदाता की पहचान और अधिकारों की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ लोकतंत्र भारत की पहचान रही है और वर्ष 2025 में एसआईटार के माध्यम से लोकतंत्र को और अधिक सशक्त किया जाएगा। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि बीते समय देश में घुसपैठियों को मतदान का अधिकार मिलने जैसी स्थितियां सामने आ रही थीं, जो राष्ट की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा थीं। ऐसे में मतदाता सूची का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने बताया कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता ने 156 बूथों पर के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपादित कराने में अहम भूमिका निभाई है, इसके लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 23 दिसंबर से शुरू होने वाले एसआईआर के दूसरे चरण में युद्धस्तर पर जुटना होगा, क्योंकि यह चरण आगामी चुनावों की दिशा और दशा तय करेगा। 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक एक माह की इस अवधि में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, दावा-आपत्ति एवं अनुच्छेद के तहत संशोधन कार्य किए जाएंगे।

### हिंदू सम्मेलन में...

की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषयक नाटक ने सामाजिक कुरीतियों पर करारा प्रहार करते हुए बालिकाओं के शिक्षा और सम्मान का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक अजय राम ने कहा कि भारतवर्ष केवल एक देश नहीं बल्कि संस्कारों और मूल्यों की भूमि रहा है।

## विशेष शिविर में 77 नए विद्युत कनेक्शन जारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज**

विद्युत वितरण केंद्र में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान एवं विद्युत सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नए विद्युत कनेक्शन जारी करने, बिजली बिल में सुधार, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार तथा बकायादार उपभोक्ताओं से वसूली एवं विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की गई। शिविर के दौरान कुल 77 नए विद्युत कनेक्शन जारी किए गए। साथ ही 17 त्रुटिपूर्ण विद्युत देयकों में सुधार कर पुनरीक्षित बिल उपभोक्ताओं को प्रदान किए गए।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। विभाग द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं पर भी सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान 748 उपभोक्ताओं से कुल 13.40 लाख रुपये की वसूली की गई, वहीं 48 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया राशि के कारण विच्छेदित किए गए। उल्लेखनीय है कि यह शिविर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल की मांग पर आयोजित किया गया था। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के साथ पार्षद अर्जुन दास, पार्षद सुमित गुप्ता, पार्षद अशोक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता के अलावा कार्यपालन अभियंता बलरामपुर प्रकाश कुमार अग्रवाल के साथ सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया।



सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123